अमर उजाला 17/11/2024

# आईटी कौशल विषय पर अतिथि व्याख्यान

जीएमएन कॉलेज में आयोजित व्याख्यान के दौरान पूर्व छात्र और अन्य। कॉलेज

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**अंबाला।** छावनी के जीएमएन कॉलेज में छात्र प्रगति और पूर्व छात्र प्रकोष्ठ के साथ कंप्यूटर एप्लीकेशन और कंप्यूटर विज्ञान विभाग की ओर से प्रचलित आईटी कौशल विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया।

इसमें मुख्य वक्ता कॉलेज के रूप में पूर्व छात्र और प्रतिष्ठित आईटी पेशेवर योगेश अरोड़ा मौजूद रहे। इस सत्र का आयोजन छात्रों को सूचना प्रौद्योगिकी के निरंतर विकसित हो रहे क्षेत्र में नवीनतम रुझानों एवं आवश्यकताओं की समझ प्रदान करने के लिए किया। कॉलेज प्राचार्य डॉ रोहित दत्त ने कहा कि यह निस्संदेह सूचना प्रौद्योगिकी में सफल कॅरिअर बनाने के इच्छुक छात्रों के लिए आधारशिला का काम करेगा। इस दौरान योगेश अरोड़ा ने अपने पेशेवर सफर को सांझा करते हुए अपने व्याख्यान की शुरुआत की, जिसमें उन्होंने आईटी क्षेत्र में अपने अनुभवों से छात्रों को प्रेरित किया।

उन्होंने तेजी से बदलते तकनीकी परिदृश्य में अनुकूलनशीलता के महत्व पर जोर दिया साथ ही वर्तमान में मांग में रहने वाले कई प्रमुख आई टी कौशल पर प्रकाश डाला। छात्रों ने जहां उत्साहपूर्वक करियर पथ, उभरती हुई प्रौद्योगिकियों और उद्योग की अपेक्षाओं के बारे में प्रश्न पूछे। इसका योगेश अरोड़ा ने धैर्यपूर्वक प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दिया। इस अवसर पर डॉ. प्रबलीन कौर, प्रो. श्याम रहेजा एवं डॉ मंजीत कौर व अन्य मौजूद रहे।